संख्याः 4677 / 9–आ–5–1997

प्रेषक,

श्री अतुल कुमार गुप्ता,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण (नगर निगम क्षेत्र),
उत्तर प्रदेश।

2. अध्यक्ष,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास अनुभाग–5 लखनऊः दिनांक 20 नवम्बर, 1997

विषयः विकास प्राधिकरण के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण।

महोदय,

विकास प्राधिकरणों के निर्माणक कार्यों की गुणवत्ता के सम्बन्ध में शासन को बार–बार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का निर्धारित मानकों के अनुसार प्रभावी नियंत्रण नहीं किया जा रहा है। कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों यथा प्रदेश के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल निगम या केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग के अनुरूप हो।

2. इस सन्दर्भ में मुझे कहने का निदेश हुआ है कि गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सुनियोजित तरीके से प्रमुुख निर्माण सामग्रियों के सैम्पुल नियमित रूप से लिये जायें और उनकी उजांच कराकर उचित प्रकार से उनका विवरण रखा जाय। निष्पादित कार्यों के प्रति भूगतान करने से पूर्व इस बात की पुष्टि होनि चाहिये कि सैम्पुल संतोषजनक हे। इसी प्रकार प्रायः यह भी देखा गया है कि कार्य कराने से पूर्व उाचित प्रकार से सर्वे कर लेबल नहीं निर्धारित किये जाते हैं। इन्हें भी सुनिश्चित किया जाय।

कृपया इसका अनुपालन सुनिश्चित करें।

भवदीय,

अतुल कुमार गुप्ता
सचिव